# कार्यालय जिलाधिकारी अम्बेडकरनगर

पत्रांक- 1324 / JJM / 2025-26 / 149 दिनाँक- 16/05/2025

## जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा बैठक की कार्यवृत्ति-

दिनाँक-15/05/2025 को जिलाधिकारी द्वारा मुख्य विकास अधिकारी के साथ जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा बैठक जिला सभागार में की गयी। जिसमें अधिशाषी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) के साथ सभी AE/JE जल निगम ग्रामीण, DPMU व दोनों फर्म वेलस्पन व VTL, डी0पी0आर0ओ0, डी0एफ0ओ0, एस0डी0ओ0 विद्युत अकबरपुर के द्वारा भौतिक रुप से एवं समस्त खण्ड विकास अधिकारी द्वारा VC के माध्यम से प्रतिभाग किया गया। परन्तु MIS मैनेजर जिला समन्वयक कौशल विकास मिशन द्वारा प्रतिभाग नहीं किया गया।

**समीक्षा बैठक में वेलस्पन एवं VTL कम्पनी के मैनेजर एवं अधिकारी/कर्मचारियों को निम्न निर्देश दिए गये-**

1. यह कि समीक्षा बैठक में डी0पी0आर0ओ0 द्वारा अवगत कराया कि मेरे द्वारा सभी ब्लाक के पंचायत सहायक/सचिव से 458 ग्राम पंचायतों में टैप कनेक्शन एवं रोड रेस्टोरेशन के कार्यों का सर्वे कराया गया जिसमें यह स्पष्ट हुआ कि कुल 196616 परिवारों के सापेक्ष 98162 परिवार को कनेक्शन दिया गया है तथा 79879 परिवारों को कनेक्शन नहीं दिया गया है एवं 10296 परिवार मकान के बाहर कनेक्शन किये जाने पर असंतुष्ट है। VTL एवं वेलस्पन कम्पनी को निर्देशित किया गया कि वह प्रत्येक परिवार से सूचना ले कि वो घर के बाहर कनेक्शन किए जाने पर संतुष्ट क्यों नहीं है ? यदि कनेक्शन घर के अन्दर लेने से इनकार करें तो उनसे लिखित सूचना लेकर/वीडियो बनाकर प्रस्तुत करें। उनके द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि उपरोक्त सभी ग्राम पंचायतों में कम्पनी द्वारा लगभग 2000 कि0मी0 सड़क पाइप लाइन विछाने हेतु तोड़ी गयी थी जिसके सापेक्ष 1258 कि0मी0 सड़क की मरम्मत संतोषजनक पायी गयी तथा 858 कि0मी0 सड़क खराब पायी गयी। डी0पी0आर0ओ0 को निर्देशित किया जाता है कि खराब सड़क की सूचना अधिशाषी अभियन्ता जल निगम को मरम्मत करायें जाने हेतु उपलब्ध कराये। तत्पश्चात VTL कम्पनी एक पक्ष में सड़क मरम्मत कराना सुनिश्चित करें एवं सड़क मरम्मत का संतुष्टि प्रमाण पत्र वर्तमान तथा पूर्व ग्राम प्रधान से भी लें। समस्त खण्ड विकास अधिकारी को भी निर्देशित किया गया कि दोनों फर्म के द्वारा किये गये टैप कनेक्शन/रोड रेस्टोरेशन कार्य का सत्यापन कराके आख्या प्रस्तुत करें।
2. यह कि समीक्षा बैठक में पाया गया कि पिछले सप्ताह की बैठक से आज तक कोई विशेष प्रगति कार्य में नहीं हुयी है। दोनों फर्म द्वारा मात्र 21 कि0मी0 पाइप लाइन विछाने एवं 02 OHT निर्माणका कार्य किया गया है। कुल लक्ष्य 571 के सापेक्ष 14 स्थान पर OHT निर्माण का कार्य आज तक प्रारम्भ क्यो नही किया गया ? उक्त के सम्बन्ध में VTL कम्पनी के मैनेजर द्वारा अवगत कराया गया कि इन स्थानों पर LOW LAND/ISSUES होने के कारण कार्य प्रारम्भ करने में विलम्ब हो रहा है। निर्देशित किया जाता है कि उपरोक्त सभी 14 स्थानों पर कार्य प्रारम्भ करना सुनिश्चित करें।
3. बैठक में OHT के निर्माण में प्रगति कम होने पर VTL कम्पनी के मैनेजर द्वारा अवगत कराया गया कि पिछले सप्ताह में 73 टीम के सापेक्ष वर्तमान में 86 टीम कार्य कर रही है, इस प्रकार 60 व्यक्ति OHT के निर्माण हेतु वृद्धि की गायी है। इसी प्रकार वेलस्पन कम्पनी के मैनेजर द्वारा अवगत कराया गया कि 03 OHT पर कार्य नहीं चल रहा है शेष 36 OHT पर कार्य चल रहा है तथा अगले सप्ताह तक सभी OHT पर निर्माण कार्य प्रारम्भ कर दिया जायेगा तथा यह भी अवगत कराया कि शेष सभी OHT का निर्माण माह जुलाई के अन्त तक पूर्ण कर लिया जायेगा। दोनों फर्म को निर्देशित किया जाता है कि कौशल विकास विभाग द्वारा उपलब्ध करायी गयी Skilled ManPowerके अनुसार OHT के निर्माण के निर्माण में यथाशीघ्र प्रगति लायें।
4. समीक्षा बैठक में विद्युत पोल शिफ्ट कियें जाने हेतु सम्बन्धित परियोजना अवधना इस्माइलपुर(जलालपुर), अमौली (अकबरपुर) एवं कयामुद्दीनपुर (अकबरपुर) में कार्य न होने पर असंतोष व्यक्त करते हुए एस0डी0ओ0 (अकबरपुर/टाण्डा) को निर्देशित किया कि पोल शिफ्टिंग का कार्य अगले सप्ताह तक प्रत्येक दशा में कर लिया जाय।
5. बैठक में पेयजल परियोजना सेनपुर (भीटी) में वृक्षों के नीलामी ग्राम प्रधान के माध्यम से कराये जाने हेतु बी0डी0ओ0 भीटी को निर्देशित किया। जैतपुर (भियाँव) में ब्लाक हेड द्वारा अवगत कराया गया कि वृक्षों के कटाई/ढुलाई हेतु अनुमति पत्र वन विभाग से प्राप्त हो गया है तदानुसार वृक्षों के कटाई का कार्य प्रारम्भ किया जायेगा। बैठक में उपस्थित डी0एफ0ओ0 को निर्देशित किया कि बेल्दहाइस्माइलपुर (टाण्डा) व उमरामीनापुर (बसखारी) में स्थित वृक्षों का मूल्यांकन कराकर नीलामी अनुमति पत्र यथाशीघ्र निर्गत करें।
6. यह कि समीक्षा में पाया गया कि भूमि विवाद से सम्बन्धित 13 प्रकरण में कोई निस्तारण नहीं हुआ है। दोनों फर्म के साइट इजीनियर/जल निगम जूनियर इंजीनर एवं खण्ड विकास अधिकारी को निर्देशित किया गया कि उपरोक्त प्रकरण से सम्बन्धित तहसील के उपजिलाधिकारी से मिलकर के सभी प्रकरण का निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। यदि प्रकरण के निस्तारण में किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न होती है तो अवगत कराये।
7. अधिशाषीअभियन्ता जल निगम को निर्देशित किया गया कि सभी पेय जल परियोजनाओं से सम्बन्धित मुख्य बाते पेयजल परियोजना/पंचायत भवन/प्राथमिक विद्यालयों की दीवार पर लिखवाना सुनिश्चित करें।

1-GV

8. O&M हेतु 41 परियोजनाओं की सूची जो कि डी0पी0आर0ओ0 के माध्यम से टीम गठीत कर के जाँच करायी जा रही है। इस सम्बन्ध में यथाशीघ्र पायी गयी कमियों को ठीक कराकर के O&M की कार्यवाही पूर्ण की जाय।
9. दोनो फर्म को निर्देशित किया जाता है कि सभी योजनाओं को पूर्ण किये जाने हेतु PERT CHART तैयार कर ई-मेल के माध्यम से प्रगति के अवलोकन हेतु प्रस्तुत किया जाय।
10. PMGSY के अन्तर्गत जो 35 सड़के पाइपलाइन बिछाने हेतु काटी गयी है उसकी मरम्मत कराकर के आख्या प्रस्तुत करें।
11. समीक्षा बैठक में ISA कोर्डिनेटर को निर्देशित किया गया कि जनपद में कार्यरत सभी ISA के माध्यम से O&M मे घोषित सभी पेयजल परियोजनाओं के संतिप्त परिवार की टैप कनेक्शन की एलबम एवं टैप कनेक्शन हेतु वंचित परिवार की सूची प्रत्येक समीक्षा बैठक मे अवलोकनार्थ प्रस्तुत करें तथा शोसल ऑडिट के कार्य मे प्रगति लाना सुनिश्चित करें।
12. बैठक मे टी0पी0आई0ए0 का कार्य असंतोषजनक अवगत कराया गया कि इनका कार्य असंतोषजनक है ऐसी स्थिति मे अधिशाषीअभियन्ता जल निगम इनके विरुद्ध नोटिस निर्गत कराये।
13. समीक्षा बैठक मे MIS मैनेजरजिला समन्वयक कौशल विकासमिशनके अनुपस्थित होने पर अधिशाषीअभियन्ता को निर्देशित किया गया कि वह इनके विरुद्ध नोटिस निर्गत कराये।

उपरोक्त निर्देश के साथ बैठक की कार्यवाही समाप्त की गयी

15/05/2025

अधिशाषी अभियन्ता/सदस्य सचिव
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन
अम्बेडकरनगर

जिलाधिकारी/अध्यक्ष
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन
अम्बेडकरनगर

प्रतिलिपि-निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-
1. अधिशासी निदेशक राज्य पेय जल एवं स्वच्छता मिशन लखनऊ।
2. मुख्य विकास अधिकारी अम्बेडकरनगर।
3. जिला विकास अधिकारी अम्बेडकरनगर।
4. डी0पी0आर0ओ0 अम्बेडकरनगर।
5. अधिशाषीअभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) अम्बेडकरनगर।
6. समस्त ISA संस्था एवं ISA कोर्डिनेटरअम्बेडकरनगर को इस आशय के साथ कि समस्त सूचनाओं के साथ बैठक में प्रतिभाग करने हेतु।
7. समीक्षा बैठक मे जनपद के समस्त उपजिलाधिकारी/ खण्ड विकास अधिकारी अम्बेडकरनगर को VC के माध्यम से प्रतिभाग करने हेतु।
8. MIS मैनेजर जिला समन्वयक कौशल विकास को आवश्यक कार्यवाही हेतु।
9. वेलस्पन एवं VTL कम्पनीअम्बेडकरनगरको अनुपालनार्थ हेतु प्रेषित।

जिलाधिकारी/अध्यक्ष
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन
अम्बेडकरनगर

2-GV